# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MID-TERM EXAMINATION

## HINDI [B]

CLASS: IX | Sub. Code: 085 | Time Allotted: 3 Hrs

19.09.2017 | Max. Marks: 80

निर्देश

1 - इस प्रश्न- पत्र में चार खण्ड हैं : 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
2-चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 - कुल 16 प्रश्न और 4 पृष्ठ हैं ।
4 - कृपया उत्तर लिखने से पहले , प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

### खण्ड - क

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बचपन में शरारतों का अपना ही महत्त्व होता है ।वह बचपन ही क्या जो शरारतों से भरा न हो ।बचपन और शरारतों का चोली -दामन का साथ है । हममें से शायद ही कोई ऐसा होगा ,जिसका बचपन शरारतों के साथ न गुजरा हो ।शरारतें भी ऐसी कि जिसे यदि आज याद किया जाए ,तो हमारे यौवन को भी शर्म आने लगे।मेढक पकड़कर साथी की ज़ेब में डालना , पेड़ पर चढ़कर डालियों को तेजी से हिलाकर राहगीर को भिगो देना , बस्ते को जान बूझकर भिगो कर पाठशाला न जाने के बहाने करना , पानी भरे गड्ढों से ही गुजरना, ऐसी शरारतों की सूची बहुत लंबी हो सकती है ।किंतु ये सारी शरारतें केवल बचपन की ही देन हैं । हमारा यौवन इस तरह की शरारतें करने के लिए गवाही नहीं देता ।कोमल मन की कोमल भावनाओं से भरा हमारा बचपन आज भी हमारे ही भीतर है पर हम हैं कि उसे बाहर ही नहीं आने देते।आज जब हम बच्चों को उस तरह की शरारतें करते देखते हैं तब एक बार लगता है कि बच्चे ये क्या कर रहे हैं ? पर तभी हमारे भीतर से आवाज आती है क्या तुमने ये सब नहीं किया ? आज हमारा बचपन तो हमारे साथ है पर हमारे बच्चों का बचपन शायद उनसे दूर जा रहा है । बारिश के बहते पानी में उनकी कागज की कश्ती कहीं दूर चली गई है । उनकी हरकतों मे वह अल्हड़ता, वह मस्ती ,वह उमंग दिखाई नहीं देती ,जिसे हमने विरासत में पाया । हमारे बचपन में तो चॉद पर परियॉ रहती थीं पर हमारे बच्चों के बचपन में परी तो नहीं रहती ,बल्कि चॉद पर क्या सचमुच जीवन है या नहीं यहीं उनके शोध का विषय बना हुआ है ।कॉपी -किताबों, टी. वी.चैनल ,कंप्यूटर ने उनके बालपन को सीधे यौवन में पहुॅचा दिया है । उनका बचपन स्कूल ,टी वी, ट्यूशन और होम वर्क में बॅटकर रह गया है ।

क - आज के बच्चों का बचपन कैसा हो गया है ? 2
ख - बचपन कैसा होना चाहिए ? 2
ग - आज जब हम बच्चों को शरारत करते देखते हैं तो क्या लगता है ? 2
घ- गद्यांश में बचपन में की जाने वाली कौन-;कौन सी शरारतों के बारे में बताया गया है ? 2
च - उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

करके ऐसा काम दिखा दो ,जिस पर गर्व दिखाई दे।
इतनी खुशियाँ बाँटो सबको ,हर दिन पर्व दिखाई दे।
हरे वृक्ष जो काट रहे हैं ,उन्हें खूब धिक्कारो ,
खुद भी पेड़ लगाओ इतने ,धरती स्वर्ग दिखाई दे ।
करके ऐसा काम दिखा दो, जिस पर गर्व दिखाई दे।

हरे वृक्ष से वायु प्रदूषण, का संहार दिखाई दे।
हरियाली और प्राणवायु का ,बस अंबार दिखाई दे।
जंगल के जीवों के रक्षक ,बनकर तो दिखला दो ,
जिससे सुखमय प्यारा- प्यारा ये संसार दिखाई दे।
करके ऐसा काम दिखा दो जिस पर गर्व दिखाई दे।

वसुंधरा पर स्वास्थ्य शक्ति का ,बस आधार दिखाई दे।
जड़ी- बूटियों औषधियों की ,बस भरमार दिखाई दे।
जागो बच्चो ,जागो मानव ,यत्न करो कोई ऐसा ।
कोई प्राणी इस धरती पर न बीमार दिखाई दे ।
करके ऐसा काम दिखा दो जिस पर गर्व दिखाई दे।

क - कवि किससे और क्या यत्न करने की बात कर रहा है ? 2
ख - कवि किन लोगों को धिक्कारने की बात कर रहा है ? 2
ग - संसार कब सुखमय दिखाई देगा ? 2

## खण्ड - ख

3 - क- निम्नलिखित शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए- 2
निर्वाह ,गुंजायमान

ख - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग कीजिए - 2
सदिग्ध , कुआ ,अतरग , गाव

ग -निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए - 1
जख्म , वजीर

4 - क- निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए - 2
संसर्ग , साकार

ख - निम्नलिखित शब्द में से मूलशब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए - 1
स्वर्णिम

5 -क - संधि विच्छेद कीजिए - 2

पर्वतारोही , नमस्ते

ख - संधि कीजिए - 2

उत्+ गम , अति +आचार

6 - निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम- चिह्न लगाइए - 3

क –अध्यापक ने पूछा तुम हमेशा इधर उधर कहॉ घूमते रहते हो

ख –बाप रे आज बहुत तेज धूप है

## खण्ड - ग

7 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क - धूल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । 2

ख -चढ़ाई के समय एवरेस्ट की चोटी की स्थिति कैसी थी ? ' एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा 'पाठ के आधार पर लिखिए । 2

ग -भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ? 'दुख का अधिकार' पाठ के आधार पर लिखिए ।1

8 - जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या- क्या परिवर्तन आए ? ' तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

9 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

क- रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए ? 2

ख- मोती, मानुष, चून के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए । 2

ग- एक को साधने से सब कैसे सध जाता है ? 1

10 - 'आदमी नामा 'कविता के आधार पर आदमी की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए । 5

11 - गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया ? क्या आपके विचार से गिल्लू को मुक्त करना आवश्यक था ? 5

## खण्ड – घ

12- दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5

क- परीक्षा के कठिन दिन

* परीक्षा की उपयोगिता
* परीक्षा जीवन की कसौटी
* परीक्षा में सफलता के उपाय

ख- पहला सुख निरोगी काया

* अच्छा स्वास्थ्य एक वरदान

* शारीरिक और मानसिक विकास

* स्वस्थ रहने के उपाय

13- पहाड़ी क्षेत्र की यात्रा पूरी करके विद्यालय में सकुशल पहुँचने की जानकारी देते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए । 5

14- नीचे बने चित्र को देखकर इसका वर्णन 25-30 शब्दों में कीजिए - 5



15- माला और विमला के बीच ' लड़का और लड़की में भेदभाव' विषय पर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए । 5

16- किसी नई कार को बेचने के लिए लगभग 25- 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

**End of the Question Paper**